-1- A-490-I-17 (160)

**समक्ष माननीय न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर**

**प्रकरण क्र.** ........./................/...............

**विषय :- आदिम जनजाति सदस्य को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने बावत्।**

**पक्षकार -** श्री ओमकार सिंह मशराम पिता श्री चमरूलाल मशराम निवासी-130/1 ग्राम देवरीकला, तहसील कुण्डम जिला जबलपुर।

विरूद्ध -

**अनावेदक -** 1. श्री प्रदीप सोनी पिता श्री रामफल सोनी निवासी सदर केन्ट जबलपुर

2. म.प्र.शासन द्वारा कलेक्टर जबलपुर

दिनांक 2.2.17 को श्री धर्मेन्द्र चतुर्वेदी अधि० द्वारा प्रस्तुत

**अपील अंतर्गत धारा35(4)म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत्**

Fee 2.2.17 50

1. माननीय न्यायालय कलेक्टर जबलपुर के प्रकरण क्र. **13/अ-21/2016-17** में पारित **आदेश** दि. 23/01/2017 (Annexure-1) से व्यथित होकर **म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 35(4)के तहत्** यह अपील प्रस्तुत की जा रही है।
2. यह कि आवेदक अपीलकर्ता आदिवासी श्री ओमकार सिंह मशराम पिता श्री चमरूलाल मशराम निवासी-130/1 ग्राम देवरीकला, तहसील कुण्डम जिला जबलपुर द्वारा ग्राम **देवरीकला** प.ह.नं. 21 रा.नि.मं.इमलई तहसील कुण्डम जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 418/3 रकवा 0.500 हेक्टेयर भूमि अनावेदक गैर आदिवासी श्री प्रदीप सोनी पिता श्री रामफल सोनी निवासी सदर केन्ट जबलपुर को विक्रय करने की अनुमति हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र दिनांक 19/10/2016 (Annexure-2) **म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) के तहत्** कलेक्टर जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।
3. प्रकरण में प्रश्नाधीन भूमि विक्रय अनुमति उपरांत आवेदक के पास ग्राम डोली प.ह.नं. 22 रा. नि.मं. इमलई तहसील कुण्डम जिला जबलपुर में खसरा नंबर 188/2/ख रकवा 2.570 हेक्टेयर सिंचित भूमि शेष बचेगी। आवेदित भूमि पट्टे की नहीं है। आवेदित भूमि विक्रय के पश्चात् आवेदक को उचित प्रतिफल प्राप्त हो रहा है तथा आवेदक के आर्थिक हितों एवं अन्य में विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। आवेदित भूमि सिंचित है। साथ ही प्रश्नाधीन भूमि आवेदक द्वारा क्रय की गई थी, आवेदक के साथ किसी प्रकार का छल कपट नहीं हो रहा है और भूमि विक्रय से आदिवासी के आर्थिक हितों पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ रहा है।
4. प्रकरण में आवेदक की ओर से अधिवक्ता द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था, और प्रकरण ग्राह्यता पर तर्क हेतु दिनांक 09.01.2017 को नियत किया गया तत्पश्चात् दिनांक 23.01. 2017 को नियत किया गया , दिनांक 23.01.2017 की पेशी **तारीख में आवेदक के परिवार में** दुर्घटना होने के कारण आवेदक उपस्थित नहीं हो सकता **,जिसके फलस्वरूप कलेक्टर महोदय** जबलपुर द्वारा आवेदक के प्रकरण की चलनीयता में रूचि **नहीं है लेख किया जाकर प्रकरण**

NOTARY MOHAMMED ASHFAQUE JABALPUR M.P. Regd. No. 7025

**XXXIX(a)BR(H)-11**

# राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक – अपील 470–एक/17 जिला – जबलपुर

| स्थान तथा दिनांक | कार्यवाही तथा आदेश | पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 8-2-17 | यह अपील कलेक्टर, जबलपुर द्वारा प्रकरण क्रमांक 13/अ–21/ 2016–17 में पारित आदेश दिनांक 23–1–17 के विरूद्ध म0 प्र0 भू–राजस्व संहिता, 1959 ( जिसे आगे संहिता कहा जायेगा ) की धारा 35(4) के तहत प्रस्तुत की गई है ।<br>2– अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी कं. 2 शासन के विद्वान अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तर्कों पर विचार किया गया । यह प्रकरण भूमि विक्रय की अनुमति से संबंधित है । कलेक्टर द्वारा प्रकरण दिनांक 23–1–17 को अपीलार्थी की अनुपस्थिति के कारण अदम पैरवी में निरस्त किया गया है । अपीलार्थी द्वारा बताए गए आधारों को देखते हुए न्यायहित में यह पाया जाता है कि प्रकरण का निराकरण तकनीकि आधार पर न करते हुए गुणदोष पर किया जाये । अतः इस प्रकरण का निराकरण गुणदोष पर किया जा रहा है ।<br>3– प्रकरण के गुणदोषों के संबंध में आवेदक की ओर से प्रस्तुत अधीनस्थ न्यायालय की आदेश पत्रिकाओं एवं अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया गया, जिनके अवलोकन से स्पष्ट होता है कि यह प्रकरण अपीलार्थी द्वारा अधीनस्थ न्यायालय में प्रस्तुत भूमि विक्रय के आवेदन पर प्रारंभ हुआ है । जिसमें अपीलार्थी द्वारा ग्राम देवरीकला प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. इमलई तहसील कुण्डम जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 418/3 रकबा 0.500 हैक्टर गैर | |

| स्थान तथा दिनांक | कार्यवाही तथा आदेश | पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| | आदिम जनजाति सदस्य/प्रत्यर्थी क्रमांक-1 को विक्रय करने की अनुमति देने हेतु अनुरोध किया गया है । अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों खसरा इत्यादि के अवलोकन से स्पष्ट है कि विक्रय हेतु आवेदित प्रश्नाधीन भूमियां अपीलार्थी की स्वअर्जित भूमियां है शासन से प्राप्त भूमियां नहीं है । प्रस्तुत दस्तावेजों से यह भी स्पष्ट है कि अपीलार्थी के पास विक्रय हेतु आवेदित प्रश्नाधीन भूमियों के अतिरिक्त ग्राम डोली प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. इमलई तहसील कुण्डम जिला जबलपुर में 2.570 हैक्टर सिंचित भूमि शेष बच रही है जो उसके जीवन के लिए पर्याप्त है । अपीलार्थी अधिवक्ता द्वारा तर्कों में यह कहा गया है कि गैर आदिम जनजाति के सदस्य/क्रेता द्वारा उसे वर्तमान वर्ष की गाइड लाइन से अधिक मूल्य दिया जा रहा है और अंतरण में कोई छल कपट नहीं हो रहा है । चूंकि अपीलार्थी आदिम जनजाति का सदस्य है, इस कारण उसके द्वारा भूमि विक्रय की अनुमति मांगी गई है । प्रकरण की समग्र परिस्थितियों पर विचार के पश्चात यह पाया जाता है कि अपीलार्थी को उसके भूमिस्वामी स्वत्व की प्रश्नाधीन भूमियों को विक्रय करने की अनुमति दिए जाने में किसी प्रकार की वैधानिक अड़चन प्रतीत नहीं होती है । <br><br> उपरोक्त विवेचना के आधार पर जिलाध्यक्ष, जबलपुर द्वारा पारित आलोच्य आदेश दिनांक 23-1-17 निरस्त किया जाता है तथा अपीलार्थी को उसके भूमिस्वामी स्वत्व की ग्राम देवरीकला प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. इमलई तहसील कुण्डम जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 418/3 रकबा 0.500 हैक्टर को गैर आदिम जनजाति सदस्य/ प्रत्यर्थी क्रमांक 1 को विक्रय करने की | |

XXXIX(a)BR(H)-11

# राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक – अपील 470–एक/17 जिला – जबलपुर

| स्थान तथा दिनांक | कार्यवाही तथा आदेश | पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| | अनुमति निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती है ।<br>1– यदि प्रस्तावित क्रेता वर्तमान चालू वर्ष की गाइड लाइन की दर से भूमि का मूल्य देने को तैयार हो ।<br>2– क्रेता द्वारा विक्रय प्रतिफल की राशि ( पूर्व में अनुबंध के समय दी गई अग्रिम राशि को कम करके ) अपीलार्थी के खाते में जमा की जायेगी ।<br>3– उप पंजीयक द्वारा विक्रयपत्र का पंजीयन, पंजीयन दिनांक को प्रचलित गाइड लाईन की मान से किया जायेगा ।<br>अपील तद्नुसार निराकृत की जाती है । पक्षकार सूचित हों ।<br>(एम0के0 सिंह)<br>सदस्य,<br>राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश,<br>ग्वालियर | |